# वीर बहादुर सिंह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय, जौनपुर

## प्रेस विज्ञप्ति

एतद्द्वारा विश्वविद्यालय से सम्बद्ध समस्त महाविद्यालय के प्राचार्य/प्राचार्या को सूचित किया जाता है कि सत्र **2023–24** की स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर तथा स्नातकोत्तर सप्तम् एवं नवम् सेमेस्टर परीक्षाओं के फार्म सत्यापित एवं विश्वविद्यालय के खाते में शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक **22.11.2023** निर्धारित थी।

मा०कुलपति जी के आदेश दिनांक **29.11.2023** के अनुपालन में छात्रहित में फार्म सत्यापित एवं शुल्क जमा करने की तिथि दिनांक **30.11.2023** तक इस शर्त के साथ विस्तरित की जाती है कि दिनांक 30.11.2023 को जिन अभ्यर्थियों का परीक्षा फॉर्म वेरिफाई किया जाएगा उनके यदि किसी प्रश्नपत्र/विषय की परीक्षा सम्पन्न हो चुकी है तो वे उस प्रश्नपत्र/विषय के आगामी विषम सेमेस्टर की परीक्षा में बैक पेपर के रूप में सम्मिलित होंगे।

**परीक्षा नियंत्रक**

पृष्ठांकन 2419/परीक्षा सामान्य/2023 दिनांक: 29. 11. 2023

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1 सम्पादक........................................................................ को इस आशय से प्रेषित कि कृपया अपने सम्मानित दैनिक समाचार पत्र के आगामी अंक में किसी ऐसे पृष्ठ पर जो पूर्वान्चल के समस्त जनपदों में पहुँचता हो, छात्रहित में उक्त सूचना निशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करे।
2 सम्बन्धित प्राचार्य/प्राचार्या, सम्बद्ध महाविद्यालय, वीर बहादुर सिह पूर्वान्चल विश्वविद्यालय जौनपुर को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया संबंधित छात्र/छात्राओं को सूचना अपने स्तर से भी देने का कष्ट करें।
3 प्रभारी, एम०आई०एस० प्रकोष्ठ को इस आशय के साथ प्रेषित कि कृपया उक्त विज्ञप्ति को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
4 निजी सचिव कुलपति को, मा०कुलपति महोदय के संज्ञानार्थ।
5 आशुलिपिक वित्तअधिकारी को, वित्तअधिकारी जी को सूचनार्थ।
6 आशुलिपिक कुलसचिव को कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
7 अधीक्षक, परीक्षा / गोपनीय / अतिगोपनीय ।
8 आशुलिपिक परीक्षा नियंत्रक, परीक्षा नियंत्रक जी को सूचनार्थ।
9 नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।

29.11.23
सहायक कुलसचिव
(परीक्षा)